**खबर संक्षेप**

### पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**बालोद।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट हो गई जिसके बाद दोनों ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम परसदा निवासी ईश्वर लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 23 नवंबर के शाम 05 बजे लगभग मेरा लडका राकेश साहू घर आया जो सिर के पीछे से निकल रहे खून से लथपथ था राकेश ने बताया कि 03 बजे पान ठेला के पास खडा तो तीजू राम साहू मुझे गालिया देकर साले तू शराब पीकर सबको गाली देता है। मारूंगा तो मर जायेगा की धमकी दिया और मेरे साथ झगडा कर रहा था। तो पप्पू आया और क्यो झगडा कर रहा है। कहते हुए गालिया देते हुए लकडी से सिर के पीछे मार दिया बताया और जिसके बाद बताते हुए लकड़ा बेहोश हो गया तो मै 108 एम्बुलेंस को फोन करके जिला अस्पताल बालोद में ईलाज कराने आया। जहां युवक का ईलाज जारी है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसदा वार्ड न0 13 निवासी तीजू राम साहू ने पुलिस को बताया कि 23 को दरही में मेरा खेत स्थित है जहां मै अपने लडका पुकेश्वर साहू के पास खाना लेकर गया था खाना छोडकर वापस अपने घर आ रहा था कि करीबन दोपहर 03 बजे पान ठेला में सामान खरीदने के लिये खडा था, उसी समय राकेश साहू आया और बोलने लगा कि तेरा बेटा साहू सामाज का अध्यक्ष बना है कहकर गाली देने लगा जिसे मै गाली देने से मना किया तो मुझे भी गाली देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर डंडा से सिर में पीछे भाग में मारपीट किया मारपीट से मेरे सिर में दर्द है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### धान निकालने को लेकर भिड़े, अपराध दर्ज

**बालोद।** ट्रैक्टर के माध्यम से खेत से धान निकालने की बात पर दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट की नौबत आ गई। जिसके बाद दोनो ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भोईनापार कीर्तन लाल टण्डन ने पुलिस को बताया कि 23 नवंबर के दोपहर 02.30 बजे लगभग मेरे बाडी से लगे लकडी का खुटा को भोमराज साहू निकाल रहा था तो मै भोमराज साहू को बोला गाय घुस जाता है तुम खूटा को क्यो निकाल रहे हो तब भोमराज बोला कि यहां से ट्रेक्टर में धान भरकर रोड में निकालुंगा तब मै भोमराज को बोला इधर से ट्रेक्टर नही निकालना है तो भोमराज मुझे गालिया देने लगा साथ में उसकी पत्नी भुनेश्वरी और बेटा विक्की दोनो हसिया ▶▶। शेष पेज 13 पर

**निरीक्षण : कलेक्टर पहुंची सिकोसा और रेंगाकठेरा**

# खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था प्रबंधक व सचिव निलंबित, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य का जायजा लेने आज सुबह से ही जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में दबीश दी। इसके अंतर्गत आज उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड के पैरी, सिकोसा, रेंगाकठेरा एवं कचांदुर धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर सभी धान खरीदी केन्द्रों में चल रहे धान खरीदी के कार्य सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

■ सिकोसा और रेंगाकठेरा केंद्रों पर गंभीर अनियमितताएं

इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र सिकोसा में किसानों के धान खरीदी के उपरांत स्टेक में रखे गए लगभग 2100 बारदानों पर स्टेनसील नही लगाने तथा धान खरीदी केन्द्र सिकोसा में व्यवस्था संतोषप्रद नही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने धान खरीदी केन्द्र सिकोसा के तात्कालीन समिति प्रबंधक एवं वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव देवेन्द्र देवांगन को एस्मा के तहत तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्र सिकोसा के नोडल अधिकारी भूमिका सिंगारे एवं निगरानी दल के सदस्य तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुनील साहू के अलावा वर्तमान समिति प्रबंधक खेमराज साहू को एस्मा के तहत कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने सहकारी समिति सिकोसा के समिति प्रबंधक खेमराज साहू को स्टेक में रखे गए सभी बारदानों पर स्टेनसील लगाने सहित धान खरीदी केन्द्र के सभी व्यवस्थाओं को कल 26 नवंबर तक दुरूस्त करने के निर्देश दिए।





इसके अलावा उन्होंने ग्राम रेंगाकठेरा स्थित धान उपार्जन केन्द्र गुण्डरदेही की व्यवस्था संतोषप्रद नही पाए जाने तथा धान खरीदी के उपरांत स्टकिंग किए लगभग 5500 बारदानों में स्टेनशील नही लगाए जाने और खरीदी केन्द्र में रखे गए धान की गुणवत्ता सही नही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने जिम्मेदारी तय करते हुए धान खरीदी केन्द्र गुण्डरदेही के नोडल अधिकारी एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सहायक अभियंता युगल किशोर साहू को अपने कार्य में लगातार अनुपस्थित रहने तथा घोर लापरवाही बरतने पर एस्मा के तहत निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा ▶▶। शेष पेज 13 पर

### बिक्री के लिए खरीदी केन्द्रों में लाने की समझाइश दी



इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों द्वारा किसानों द्वारा लाए गए धान का तौलाई के उपरांत नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान का आर्द्रता परीक्षण भी किया गया। कलेक्टर ने किसानों को केवल साफ–सुथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान को ही बिक्री हेतु खरीदी केन्द्रों में लाने की समझाईश दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को सुबह 08 बजे धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर संपूर्ण व्यवस्थाओं का समुचित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों के अंतर्गत शामिल गांवों में कृषकों के एग्रीस्टेक पंजीयन की स्थिति तथा रकबा समर्पण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को धान की बिक्री करने वाले कृषकों का अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण ▶▶। शेष पेज 13 पर

# गोदामों में छापेमारी 425 क्विंटल धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने तथा इस दौरान कोचियों एवं व्यापारियों के माध्यम से धान की अवैध खरीदी बिक्री की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग के जांच दलों के द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज सुबह से जिले के विभिन्न स्थानों में पहुँचकर थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के घरों और गोदामों का निरीक्षण किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अधिकारियों की टीम के साथ आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सांकरी में सुरेश किराना स्टोर्स के अलावा मोगरी रोड साकरी स्थित विकास जैन के गोदाम एवं ग्राम सांकरी में ही धमएॅचंद जैन के गोदाम और सुरेश जैन के घर में बनाए गए गोदामों का निरीक्षण किया। इसके अलावा कलेक्टर एवं अधिकारियों ने विकासखण्ड मुख्यालय गुण्डरदेही में बस स्टैण्ड



■ अवैध धान मिलने पर किसानों-व्यापारियों पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई

के समीप स्थित गुप्ता ट्रेडर्स के संचालन श्री शरद गुप्ता के गोदामों का भी अवलोकन किया गया। किंतु गुप्ता ट्रेडर्स के गोदामों में धान नही पाया गया। इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्र गुण्डरदेही के निरीक्षण के दौरान अपने धान की बिक्री हेतु लाए गए ग्राम खुटेरीरंग के किसान ऋषि कुमार के 104 कट्टा, 41.60 क्विंटल धान को रखे गए बारदानों के संदिग्ध पाए जाने पर कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को कुल 104 बारदानों को जब्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसडीएम डौण्डी सुरेश साहू एवं जांच दल के अधिकारियों ▶▶। शेष पेज 13 पर

# बस-स्कार्पियो की जोरदार टक्कर एक युवक गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

मंगलवार की सुबह बस व स्कार्पियो की टक्कर मरकाटोला घाट में हो गई। जिसमें स्कार्पियो सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। बस की टक्कर से स्कार्पियो के सामने के भाग का परखच्चे उड़ गए। मिली जानाकरी के अनुसार ग्राम बागतराई निवासी युवक अपनी स्कार्पियो सीजी 24 के 6600 से रिश्तेदार के घर सतलौर कांकेर जा रहा था, तभी एनएच 30 पर स्थित ग्राम मरकाटोला घाटी में मंगलवार तड़के सामने से आ रही बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना 25 नवंबर को सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे में युवक को दाएं सिर और हाथ में चोटें आई तथा उसकी गाड़ी के आगे और पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पीडित ▶▶। शेष पेज 13 पर

■ मरकाटोला घाटी में सड़क दुर्घटना, बस चालक की पहचान हुई

### युवक को तेज रफ्तार हाईवा ने मारी टक्कर, घायल का इलाज जारी




**बालोद।** घर के लिए सब्जी खरीदकर अपने टीव्हीएस के माध्यम से वापस जा रहे व्यक्ति को हाईवा ने ठोकर मार दिया। जिससे व्यक्ति सड़क किनारे जा गिरा और बेहाश हो गया। जिसके बाद आस पास के लोगों ने व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां व्यक्ति का ईलाज जारी है। व्यक्ति के बेहोश होने के कारण उसके नाम, पता की जानकारी नही हो पाई। मिली जानकारी के अनुसार सीजी 24 8392 में सवार होकर एक व्यक्ति सब्जी खरीदकर जा रहा था इसी वक्त सिवनी मोड़ के पास व्यक्ति को हाईवा सीजी 07 बीजे 3375 ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद मोपेड मे सवार व्यक्ति घायल हो गया। जिसे आज पास के लोगो के द्वारा 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। वही व्यक्ति के द्वारा टीव्हीएस में रखा सब्जी का थैला भी वाहन के साथ दूर जा गिरा। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आवागमन बहाल किया तथा मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

**जनदर्शन में जाकर कलेक्टर से लगाई गुहार**

# एग्रीस्टेक मैपिंग में त्रुटि, करही के किसान नहीं बेच पा रहे धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

ग्राम कसही (लो) के किसानों को इस वर्ष अपनी धान फसल समर्थन मूल्य पर बेचने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन के निर्देशानुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति डौंडी लोहारा (पंजीयन क्रमांक 469) के माध्यम से किसानों का पंजीयन एकीकृत पोर्टल एवं सीएससी द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में किया गया था।

किन्तु मैपिंग त्रुटि के कारण ग्राम कसही (लो) के 166 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन डौंडी लोहारा की जगह तहसील मार्री देवरी बंगला के ग्राम कसही (टटेंगा) में प्रदर्शित हो रहा है, जिसके चलते कसही (लो) के किसान अपना धान बेच नहीं पा रहे हैं।धान विक्रय न हो पाने से किसानों को मजदूरों की मजदूरी अदा करने में कठिनाई हो रही है तथा कृषि केंद्रों से लिए गए कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों का कहना है कि मैपिंग में हुई तकनीकी त्रुटि के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समस्या के समाधान हेतु बालोद कलेक्टर महोदय को ज्ञापन



सौंपने पहुंचे ग्राम के कृषक महावीर साहू, उपसरपंच नरेंद्र साहू, यशवंत साहू, अनिल साहू, द्वारिका साहू, आत्माराम खरे, हरिचंद्र मंडावी, रोहित चंदनमलागर, घनश्याम कुंजाम, राममिलन हिरवानी, ग्राम पटेल ढेलुराम साहू तथा क्षेत्र के जनपद सदस्य डोमेंद्र (ज्ञानू) राजपूत ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनदर्शन में शिकायत की है।

किसानों ने मांग की है कि एग्रीस्टेक पोर्टल में हुई मैपिंग त्रुटि को तत्काल सुधारा जाए, ताकि कसही (लो) के किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर बेंच सकें और उन्हें राहत मिल सके।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी की धीमी रफ्तार, 25 से धरना

**भिलाई।** धान खरीदी की धीमी गति के खिलाफ 25 को दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास और धमधा में गंडई चौक में किसान आक्रोश व्यक्त करेंगे। विगत दिनों नगपुरा में सम्पन्न छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार धान खरीदी की धीमी गति और टोकन की परेशानियों से पीड़ित किसानों द्वारा मंगलवार 25 नवंबर को दोपहर 12 बजे दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास और धमधा में गंडई चौक में एकसाथ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरेंगे अन्नदाता किसान, प्रदर्शन कार्यक्रम का अनुमोदन करते हुए संगठन के धमधा तहसील स्तरीय बैठक में किसानों का कहना था कि सहकारी समितियों के कर्मचारियों और कम्प्यूटर आपरेटरों की हड़ताल खत्म होने के बाद किसानों में उम्मीद हो गई थी कि सोमवार 24 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से और पूरी क्षमता के साथ शुरू होने लगेगी। किंतु राज्य सरकार ने दक्ष कम्प्यूटर आपरेटरों की ड्यूटी एसआईआर में लगा दिया गया है, जिसके कारण पूरा क्षमता और गति से धान खरीदी शुरू होने की संभावना नहीं रह गई है। किसानों ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार जानबूझकर धान खरीदी की गति को सीमित करने की मंशा रखती है ताकि किसान धान बेचने के प्रति हतोत्साहित और परेशान हो जाये, ताकि सरकार को किसानों से कम और सीमित मात्रा में ही धान खरीदी करना पड़े।

### गणना पत्रक भरने के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**दुर्ग ।** बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के बीच यह गलत जानकारी प्रसारित की जा रही है कि गणना पत्रक केवल विशेष रंग की स्याही या पेन से ही भरे जाने पर स्वीकार किए जाएंगे। इस भ्रामक सूचना के कारण मतदाताओं में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि गणना पत्रक भरने के लिए किसी भी विशेष रंग की स्याही या पेन का उपयोग अनिवार्य नहीं है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को आयोग के वास्तविक दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि पुनरीक्षण कार्य सही जानकारी, पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपादित किया जाए। निर्वाचन कार्यालय ने मतदाताओं से भी कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें।

### बीपी सिंह बार काउंसिल के सदस्य निर्वाचित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद् बिलासपुर के 25 सदस्यों का चुनाव 30 सितंबर को पूरे प्रदेश के बार संघों में हुआ। इस चुनाव में दुर्ग अधिवक्ता संघ के कुल 13 सदस्य मैदान में रहे। देर रात 21 नवंबर को घोषित अंतिम परिणाम में दुर्ग के 4 अधिवक्ता सदस्य निर्वाचित हुए। जिसमें बादशाह प्रसाद सिंह, नरेंद्र सोनी, संतोष कुमार वर्मा, उत्तम चंदेल शामिल हैं। साथ ही बादशाह प्रसाद सिंह लगातार तीसरी बार छत्तीसगढ़ अधिवक्ता बार काउंसिल में जीत हासिल की है।

### स्कूल भवन का हुआ भूमिपूजन

**दुर्ग।** ग्राम पीपरछेड़ी बालोद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण के भूमिपूजन एवं डोम शेड के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक ललित चन्द्राकर ने 1 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विकास कार्य का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, राकेश यादव, भाजपा महामंत्री बालोद राकेश यादव आदि मौजूद थे।

## पटेल चौक में ऊंट लेकर पहुंचे कार्यकर्ता, कहा- निर्णय ऊंट के मुंह में जीरा

# 400 को बंद कर सिर्फ 200 यूनिट हॉफ योजना लागू किए जाने को लेकर प्रदर्शन

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला ग्रामीण कांग्रेस ने सोमवार को जिला मुख्यालय में दुर्ग के बिजली ऑफिस और कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेसियों ने ऊंट को जीरा खिलाकर बिजली बिल हॉफ योजना को 200 यूनिट करने का विरोध किया। पूर्व में कांग्रेस की सरकार की तरह 400 यूनिट करने की मांग की गई। प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा एवं दुर्ग ग्रामीण व शहर के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत, जनपद, सदस्य, पार्षद, सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता ने जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया।

राकेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 400 यूनिट तक की बिजली खपत में हाफ बिजली बिल योजना लागू किया था, लेकिन कुछ माह पूर्व ही वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा लाखों उपभोक्ताओं के जेब का परवाह न करते हुवे उक्त 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करते हुवे सिर्फ 100 यूनिट बिजली में ही हाफ बिजली प्रदान करने का निर्णय ले लिया गया।



#### स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा दोहरा भार

राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल, स्मार्ट मीटर के नाम पर छत्तीसगढ़ की जनता के साथ किये जा रहे लगातार शोषण को बंद किया जाए नही तो जब तक सरकार 400 यूनिट हॉफ भी करेगी कांग्रेस लगातार और उग्र प्रदर्शन करेगी। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना को बंद करना भाजपा सरकार का जनविरोधी निर्णय है। यह सरकार जनता के प्रति संवेदनशील नहीं है। पहले किसानों के हाहाकार अब आम जनता पर बिजली की अतिरिक्त भार लगातार विरोध के बाद यह सरकार कुंभकरण की नींद सोई है। लगातार आंदोलन के बाद भी सरकार द्वारा जनहित के निर्णय नहीं दिए जा रहे आने वाले 2028 के चुनाव में ही अब जनता इन्हें नींद से जगाएगी और सत्ता से हटाएगी।

#### आगे भी जारी रहेगा कांग्रेस का यह प्रदर्शन

इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा बिजली बिल हॉफ योजना बंद करना, स्मार्ट मीटर लगाना और सौर ऊर्जा का प्रचार प्रसार छत्तीसगढ़ की जनता नहीं केवल साहब के उद्योगपति मित्र अदानी को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम हितेश पिस्दा, बिजली विभाग के एई आलोक साहू को ज्ञापन सौंपा गया। पप्रदर्शन के दौरान उमाकांत चंद्राकर, शिवकुमार वर्मा, राजीव गुप्ता अलताफ अहमद, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, प्रवक्ता नासिर खोखर, परमजीत सिंह भुई, कैलाश नाहटा, ओनी महिलांग, अनूप वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

#### बाकलीवाल ने कहा- 400 यूनिट तक हॉफ बिजली का मिले लाभ

प्रदर्शन के दौरान पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जनता को पूर्व की तरह 400 यूनिट तक हॉफ बिजली योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा बढ़ाई गई दरों को भी कम किया जाना चाहिए। सरकार को चाहिए कि बढ़ते भार को कम करने के लिए अन्य जगहों से राशि का समायोजन करे, जनता पर अतिरिक्त भार न डाले। अय्यूब खान ने कहा कि जनता सरकार के निर्णय से हराकान हो गई है। जिसके लिए हम कांग्रेसियों ने मिलकर इस निर्णय का विरोध करते हुए आन्दोलन भी किये थे। मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को लालटेन सौप कर विरोध दर्ज कराया था, पूरे प्रदेश में उक्त निर्णय के खिलाफ आन्दोलन के बाद से सरकार बैकफुट पर आई भाजपा सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना के तहत मामूली बढ़ोतरी करते हुवे 100 यूनिट को बढ़ाकर 200 यूनिट किया गया है जो प्रदेश में महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है।

## एकलव्य विद्यालय मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौंडी में सोमवार को मॉडल यूथ ग्राम सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को स्थानीय स्वशासन की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य नीरज कुमार सिंह पाल के प्रेरणादायी संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को स्थानीय शासन और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

■ कार्यक्रम का उद्देश्य-युवा पीढ़ी में स्थानीय स्वशासन की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना

#### विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी

कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने ग्राम सभा के विभिन्न पदों की जिम्मेदारी ग्रहण की। छात्रा नीलिमा ने सरपंच तथा छात्रा किंजल प्रधान ने सचिव की भूमिका निभाई। सचिव के रूप में किंजल प्रधान ने सत्र का संचालन, एजेंडा प्रस्तुतीकरण और संकल्प वाचन सफलतापूर्वक किया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता ने कार्यक्रम को जीवंत और प्रभावशाली बनाया।

#### विचार-विमर्श और प्रस्ताव

सभा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, जल गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण, खेल-कूद, आजीविका और ग्रामीण समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने समस्याओं के समाधान हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

#### ग्रामीण बजट निर्माण पर चर्चा

इसके पश्चात ग्रामीण बजट निर्माण प्रक्रिया पर चर्चा की गई और विभिन्न प्रतिनिधियों ने बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किए। सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सत्र का समापन सचिव किंजल प्रधान द्वारा संकल्प वाचन और उपस्थित ग्रामीणों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## सामुदायिक भवन का मंत्री ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम के वार्ड 15 सिकोला बस्ती में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का आज स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। भवन निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा उपयोगिता की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिकोला बस्ती वार्ड 15 में बन रहा यह भवन क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। सार्वजनिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन, सामाजिक बैठकें तथा अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए इस भवन सुविधाजनक स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। जिससे नागरिकों को बेहतर वातावरण एवं सुचारू सेवाएं मिल सकें। मंत्री ने सड़क, पानी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं पर नागरिकों ने अपने सुझाव साझा किए। निरीक्षण के दौरान सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, युवराज कुंजाम, सरस निर्मलकर, मन्नू साहू आदि मौजूद रहे।



## कन्या कॉलेज में प्रवेश के लिए किया प्रोत्साहित

**दुर्ग।** महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा आयोजित बैठक में प्राध्यापकों को निकटम विद्यालयों में भ्रमण एवं महाविद्यालय की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बच्चों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आदेशित किया गया। जिसके अंतर्गत 22 नवंबर को अर्धशासकीय दाऊ रु प्रसाद राष्ट्रीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से महाविद्यालय की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। अंत में विद्यार्थियों को फीडबैक फार्म प्रदान कर उनसे इस कार्यक्रम एवं महाविद्यालय से संबंधित जानकारी के संतुष्टि की प्राप्ति हुई तथा इस कार्यक्रम में लगभग 55 छात्राएं उपस्थित रहीं।



## धान खरीदी प्रक्रिया में तकनीकी पहल और बुनियादी सुधार से खुश हुए किसान

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धान समर्थन मूल्य में वृद्धि तथा उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं की बढ़ोतरी के चलते अब किसानों को अपनी उपज बेचने में सहजता हो रही है। दुर्ग जिले के ग्राम जंजगिरी के किसान श्री गौकरण साहू ने इस वर्ष लगभग 139 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि सोसायटी में इस बार की सुगठित भंडारण व्यवस्था, तेज़ तौल प्रक्रिया तथा मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता ने पूरी प्रक्रिया को सहज और तनावमुक्त बना दिया है। उन्होंने बताया कि इस बार तुंहर टोकन एप के माध्यम से घर बैठे टोकन कट गया। खरीदी केंद्र में बिजली और संचार की अच्छी व्यवस्था रही।श्री साहू का कहना है कि सरकार द्वारा युद्धस्तर पर किए गए बुनियादी सुधार और तकनीकी पहल जैसे मजबूत पावर सप्लाई, साफ़-सुथरे प्लेटफ़ॉर्म, व्यवस्थित बोरा प्रबंधन और डिजीटल टोकन जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों का समय और श्रम दोनों बचाया है। वे बताते हैं कि अब किसान अपनी मेहनत की उपज को बिना किसी अनावश्यक प्रतीक्षा के उचित स्थान पर जमा कर पा रहे हैं।

## रजिस्ट्री शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में किरण देव के सामने प्रदर्शन

### प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

रजिस्ट्री शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में सोमवार को लोगों ने प्रदर्शन किया। वे रैली की शक्ल में कलेक्ट्रट पहुंच रहे थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा के निवास पहुंचे थे।

वहीं से लौटते समय प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा रजिस्ट्री शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार इस निर्णय को जल्द वापस नहीं लेती है, तो जनता व्यापक आंदोलन के लिए मजबूर होगी, जिसके लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा का भरोसा भी दिलाया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन श्यामलाल साहू को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रजिस्ट्री शुल्क और जमीन के बाजार मूल्य में की गई बढ़ोतरी आम लोगों पर सीधा प्रहार है, जिसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि जनहित में रजिस्ट्री शुल्क एवं जमीन के बाजार भाव को कम किया जाए, ताकि आम नागरिक राहत महसूस कर सकें। बता दें कि सरकार ने रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोत्तरी की है। इसके अलावा जमीनों का बाजार मूल्य भी बढ़ाया गया है, जिसके विरोध में इस कार्य से जुड़े लोग सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे जमीन की खरीदी-बिक्री का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।



### दुर्ग निगम ने तय किए नोडल अधिकारी

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन, संस्थानों में आवारा कुत्तों से सुरक्षा व्यवस्था होगी कड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो रिट पिटीशन सिविल के तहत दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने नगर पालिक निगम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने और नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थान, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन, जैसे भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थलों में फेंसिंग, बाउंड्री वॉल, गेट, सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा कर्मियों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आवारा कुत्तों का प्रवेश रोका जा सके। निगम अधिकारियों ने कहा कि परिसर में स्वच्छता एवं रख-रखाव की मजबूत व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा, ताकि कुत्तों को भोजन या ठहरने का कोई कारण न मिले।

■ आयुक्त ने जारी किए निर्देश




#### कुत्तों को सड़क पर न दें भोजन

निगम का यह कदम नागरिकों, विशेषकर बच्चों, मरीजों, खिलाड़ियों एवं दैनिक यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जिससे भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना और दिक्कतों को रोका जा सके। नगर निगम ने नागरिक स्वच्छता एवं जनहित में सहयोग करें, कुत्तों को सड़क व सार्वजनिक परिसरों में भोजन न कराएं तथा किसी भी समस्या की सूचना तुरंत हेल्पलाइन 1100 पर देने कहा गया है।

#### नोडल अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार

प्रत्येक संस्थान में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो परिसर में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक, कचरा प्रबंधन एवं साफ-सफाई की सतत निगरानी, आवश्यक संरचनात्मक सुधार कार्यों का मॉनिटरिंग करेंगे। नियुक्त नोडल अधिकारी का नाम मोबाइल नंबर निदान हेल्पलाइन 1100 संस्थान के मुख्य प्रवेश द्वार के निकट प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए, जिससे किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत निगम तक पहुंच सके।

#### चेतावनी से कार्रवाई में आएगी तेजी

निर्देशों के पालन के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग ने शहर के सभी चिन्हांकित संस्थानों को आधिकारिक पत्र जारी कर कार्यवाही शुरू कर दी है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रक्तदान शिविर में डोनेट किया ब्लड दिवाली मिलन समारोह भी मनाया

**भिलाई।** लोक संस्कृति सेवा भजन फाग एवं जस झांकी संघ जिला दुर्ग के तत्वावधान में गोवर्धन चौक उरला में रक्तदान शिविर एवं दिवाली मिलन समारोह मनाया गया। लगभग 30 व्यक्ति रक्तदान में भाग लेकर अपना रक्तदान किया। संघ की ओर से सभी को रक्तदान वीर से सम्मान किया गया। प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। आगामी आयोजन के बारे में चर्चा की गई। 150 मंडली के आयोजन समिति एवं प्रतिभागी मंडली के द्वारा दिवाली मिलन समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में उरला दुर्ग वार्ड 56 के पार्षद उपस्थित थे। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में दुर्ग जिले के रचनाकार पुरन साहू, ग्वाल निषाद, धनराज निर्मलकार, यशपाल यादव, चेतन यादव , महेश बर्मन, रत्नू चौधरी, मंगल वर्मा, लोकनाथ, देवा देशमुख, संघ के अध्यक्ष पवन यादव सचिव दुर्वासा मेश्राम, हेमंत चौहान, जयदेव यादव , संजय यादव, एवन साहू, राजा एवं संघ के सदस्य उपस्थि थे।

# डिजिटलाइजेशन कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग संभाग के आयुक्त एवं रोल आब्वर्जवर सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अभिजीत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र भिलाई के अंतर्गत एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का नगर निगम भिलाई के सभागार में चल रहे डिजिटलाइजेशन कार्य का निरीक्षण कर डिजिलाटइजेशन में और तेजी लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, ईआरओ अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डे उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर और कलेक्टर श्री सिंह ने दुर्ग जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र मचान्दुर, रिसामा और अण्डा में भी डिजिटलाइजेशन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मचान्दुर और रिसामा में बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा संपादित कार्यों का सराहना की और शत-प्रतिशत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। वहीं अण्डा में बीएलओ के कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक एकत्र कर डिजिलाइजेशन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### आयश सिंह बोनी बने दुर्ग संभाग के सह प्रभारी

**खैरागढ़।** विशेष गहन पुनरीक्षण काम मे गति लाने भाजयुमो जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी को दुर्ग संभाग का सह प्रभारी नियुक्त किया गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने प्रदेश के पांच संभागो रायपुर, बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा और दुर्ग मे संभाग प्रभारियो के साथ दो दो सह प्रभारियों की नियुक्ति की है जो प्रशासन द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण काम में भाजयुमो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर मतदाताओं का सहयोग करेंगे। इसी कड़ी में भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी को सह प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। श्री सिंह दुर्ग संभाग प्रभारी आकाश सिंह ठाकुर, सह प्रभारी मोनू बहादुर सिंह के साथ मिलकर दुर्ग संभाग में एसआईआर के कार्य में भाजयुमो की भूमिका तय करेंगे।

### नशामुक्त भारत व कौमी एकता की शपथ

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 19 नवंबर को रासेयो के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मागदर्शन में विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत के अभियान पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में व कौमी एकता दिवस पर शपथ दिलाया। प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में करीब 01 अरब 30 करोड़ लोग धुम्रपान व तम्बाकू का सेवन करते हैं। इसमें से 80 लाख लोग प्रतिवर्ष तम्बाकू के सेवन से मर जाते है। दिनों-दिन बीड़ी व सिगरेट का प्रचलन बढ़ते ही जा रहा है। यह मुख की केंसर को आमंत्रण देता है। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि नशा हम नहीं खाते, नशा हमें खा जाती है। युवा वर्ग पहले फैंशन के रूप में लेती है, बाद में यह आदत बन जाती है। इसमें मौजूद निकोटिन तलब जगाता है, तम्बाकू आज ही छोड़े, स्वयं व समाज को स्वस्थ्य रखें।

### कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में फन फेयर का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय के मैनेजमेंट विभाग द्वारा भव्य फन फेयर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पूरे परिसर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, उद्यमिता, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता की प्रभावी झलक देखने को मिली। विभिन्न थीम आधारित स्टॉल, खेल गतिविधियां, फूड कॉर्नर, आर्ट-क्राफ्ट प्रदर्शन, नवाचार मॉडल तथा प्रायोगिक अधिगम आधारित परियोजनाओं ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक और शैक्षणिक रूप प्रदान किया।

## निधन

### रुपा बाई गंजीर



**गुरूर।** ग्राम धनोरा निवासी रुपा बाई गंजीर 80 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कुशराम गंजीर, केशव राम गंजीर, शिवबती साहू की मां एवं संजय कुमार गंजीर की दादी थी।

### लेड़गी बाई साहू



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम मुन्देरा निवासी लेड़गी बाई साहू 93 वर्षीय का निधन हो गया है। जिनकी अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम मे किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुन्देरा के पूर्व सरपंच कमलेश कुमार साहू ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी। वे रूपसिंह साहू एवं रामकुमार साहू के माता जी थी।

### डोमार देशमुख



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम गंजईडीह निवासी डोमार देशमुख 65 वर्ष का सोमवार शाम को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में मंगलवार को किया गया, अंतिम संस्कार कार्यक्रम में परिवारजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे शिक्षक डामन देशमुख के बड़े भाई व ढालेंद्र देशमुख के पिता थे।

---

**प्रवचन : श्रद्धा, साधुसंग और भजन-क्रिया को बताया दिव्य प्रेम प्राप्ति का आधार**

# भाव भक्ति ही दिव्य प्रेम का मार्ग: स्वामी युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 19 वें दिन स्वामी युगल शरण ने बताया कि जो भक्ति या प्रेम साधना भक्ति द्वारा गुरु कृपा से मिलता है, वह सिद्धा भक्ति, निष्काम भक्ति है। इसको अनपायिनी भक्ति, निर्भरा भक्ति, विशुद्धा भक्ति भी कहते हैं जिसके आधीन भगवान रहते हैं। ये साधना भक्ति करने से मिलता है, इसका अर्थ है मन को भगवान में लगाना और यही साधन भक्ति की परिपक्वता का नाम होता है भाव भक्ति। भाव भक्ति में मन लगने लगता है और भाव भक्ति परिपक्व हो जाने से मन लग जाता है। इतना काम जीव को करना है। इसको हम पूर्ण रूप से साधन भक्ति कह सकते हैं।

शांत भाव से दास्य भाव उच्चा है, दास्य भाव से सख्य भाव उच्चा है, सख्य भाव से वात्सल्य भाव उच्चा है और वात्सल्य भाव से माधुर्य भाव उच्चा है। शांत भाव का उपासक दास्य भाव में नहीं आ सकता। दास्य भाव का उपासक सख्य भाव नहीं आ सकता, शांत भाव में आ सकता है। सख्य भाव का उपासक वात्सल्य भाव में नहीं आ सकता, परंतु शांत और दास्य भाव में आ सकता। वात्सल्य भाव के उपासक माधुर्य भाव में नहीं आ सकते, परंतु शांत, दास्य, सख्य भाव में आ सकते हैं। जो ऊपर वाला भाव में है, वह नीचे वाला भाव में आ सकते है, परंतु जो नीचे वाला भाव में है, वह उच्चा वाला भाव में नहीं आ सकता।

हमारा श्रीकृष्ण ही एकमात्र संबंधी है और वह हमारा नित्य संबंधी है इसलिए हमको श्रीकृष्ण का ही भक्ति करनी है जिसको अभिधेय कहा जाता है। दिव्य प्रेम की प्राप्ति ही हमारा लक्ष्य है। हमारा प्रयोजन है दिव्य प्रेम जो श्रीकृष्ण की भक्ति करने से ही मिलेगी। भाव भक्तुभाव 6 प्रकार की है। क्षान्ति क्रोध का कारण हो लेकिन क्रोध न आये।. अव्यर्थकालत्वम् एक–एक क्षण हरि गुरु की सेवा में और साधना में व्यतीत हो। विरक्ति संसार से अरुचि को विरक्ति कहते हैं। मानशून्यता दूसरों को मान देना और स्वयं किसी से भी मान नहीं चाहना। जितनी मात्र में मानशून्यता रहेगी, उतनी मात्र में भक्ति बढ़ेगी। आशाबंध– प्रभु अवश्य मिलेंगे, कृपा करेंगे, ये दृढ़ विश्वास रखना। समुत्कण्ठा प्रभु कब दर्शन देंगे, सदा पराकाष्ठा का उत्कण्ठा के साथ प्रतीक्षा करना। नाम गान में सदा रुचि भगवान की नाम संकीर्तन में जो रस मिलेगा, उसमें सदा रुचि रहना चाहिए। श्रद्धा गुरु, वेदान्त वाक्य में पक्का विश्वास पूर्व संस्कार के अनुसार ये श्रद्धा होगा। यदि नहीं है, गुरु के पास जाओ गुरु का दिव्य वाणी सुनने से श्रद्धा उत्पन्न होगी। ये प्रेम पाने की प्रथम कक्षा है। साधुसंग महापुरुष का आनुगत्य में साधना करना है, सेवा करना है।

भजन क्रिया मन को सदा भगवान की नाम, रूप, लीला, गुण का भजन करते हुए हरि–गुरु में लगाना है। अनर्थ निवृत्ति ये चार प्रकार का है। स्वकृतजात अनर्थ निवृत्ति, भक्तिजात अनर्थ निवृत्ति, अपराधजात अनर्थ निवृत्ति भक्ति करने से अनर्थ निवृत्ति होती है। निष्ठा जितनी भजन क्रिया होगी, उतनी निष्ठा बढ़ेगी। रुचि निष्ठा के बाद रुचि होता है।

आसक्ति हरि–गुरु की सेवा करने में और साधना करने में जब आसक्ति हो जाता है, तब ऐसी अवस्था आ जाता है कि सेवा–साधना नहीं करने से रहा नहीं जाता। भाव ये है प्रेम की प्रारंभिक अवस्था इसी अवस्था में अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है। प्रेम गुरु अन्तःकरण दिव्य बनाने के बाद दिव्य प्रेम प्रदान करते हैं।

## धान खरीदी में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त समिति प्रबंधक रजउराम को प्रभार से हटाया

**बालोद।** जिले में धान खरीदी का कार्य सुगमतापूर्वक संचालित करने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सतत रूप से जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही है। विगत दिनों कलेक्टर मिश्रा ने धान उपार्जन केन्द्र डौण्डी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान धान खरीदी के कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने पर समिति प्रबंधक के कार्य के प्रति नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने तत्काल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आदेश जारी कर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति डौण्डी के समिति प्रबंधक रजउराम ठाकुर को समिति के प्रभार से पृथक कर शाखा डौण्डी में संलग्न किया है। उन्होंने जारी पत्र में कहा है कि आपके द्वारा धान खरीदी कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक किया जाता है एवं आगामी आदेश तक आपको शाखा डौण्डी में संलग्न किया जाता है।

> ■ निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी मिलने पर कलेक्टर मिश्रा की कड़ी कार्रवाई

## गातापार स्कूल में न्योता भोज कराया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय शाला गातापार में शिक्षक झामन लाल सोनवानी के जन्म दिवस पर मंगलवार को विधार्थियो ने न्योता भोज में छत्तीसगढ़ी व्यंजन अरसा का भरपूर स्वाद लिए साथ में गुरु जी को प्रणाम कर जन्म दिवस की बधाई दिए। आग्रह पर प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम, गजेन्द्र कुमार साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, रसोइया अंबिका साहू ने न्योता भोज स्वीकार किए और विद्यालय स्टाफ ने सोनवानी को बधाई दिए। बच्चो के साथ का समय जीवन का सुहाना सफर है सकारात्मक विचार के धनी झामनलाल सोनवानी ने कहा कि जीवन का सबसे सुंदर अवसर बचपन होता है। सौभाग्यवश शिक्षक की नौकरी मिल गई जिससे बच्चों के साथ रहने बात करने मोटिवेट करने अध्यापन कराने का आनंददाई अवसर मिल गया। जिससे मेरा बचपन तरोताजा रहता है निश्चल जीवन जीने के लिए संगत मिलता है। बच्चो के साथका सफर बड़ा सुहाना होता है। गुरु शिष्य के बीच आत्मीयता बढ़ती है। सकारात्मक सोच न्योता भोज के लिए प्रेरित करती है हेडमास्टर भुनेश्वरी नेताम ने कहा कि जब से न्योता भोज की व्यवस्था संचालित हुई है विभिन्न अवसरों पर बच्चों को न्योता भोज कराने वाले सज्जन मिल ही जाते है। शिक्षक सोनवानी का जन्म दिवस पर न्योता भोज देना उनकी सकारात्मक सोच का सद परिणाम है। न्योता भोज बच्चो में मानसिक तौर पर प्रोत्साहन का कार्य करती है। न्योता भोज देने शिक्षक झामनलाल सोनवानी सहित सभी के प्रति हर्श व्यक्त किया।

> ■ गुरु–शिष्य संबंध की मिठास झलकी न्योता भोज कार्यक्रम में

**शिव मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन से गूंजा वातावरण**

## विवाह पंचमी के अवसर पर भव्य सत्संग, धर्म और कर्म पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम गैजी की पावन धरा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भजन मंडली द्वारा भगवान श्रीराम व माता जानकी के विवाह उत्सव विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से दिव्य वातावरण का आनंद लिया।

सत्संग को संबोधित करते हुए रमन धनेन्द्र ने कहा कि जीवन में धर्म और कर्म दोनों का सही ज्ञान व समझ आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में दो ही वस्तुएं अत्यंत महत्वपूर्ण है,पहला कर्म और दूसरा धर्म। धर्म मानव मात्र में एकता, प्रेम और भाईचारे के सूत्र प्रदान करता है, इसलिए कर्म के साथ धर्म का होना अनिवार्य है। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में धर्म न होने पर मनुष्य राग, द्वेष, संघर्ष और भय की ओर अग्रसर होता है। जहाँ भय होता है, वहाँ शांति नहीं, केवल द्वंद्व होता है। भयभीत व्यक्ति सात्विक कर्म नहीं कर पाता और धर्म का पालन भी संभव नहीं होता। जो कार्य हमारे अधिकार में नहीं है उसमें हस्तक्षेप न करना ही बुद्धिमानी है, और जो हमारे अधिकार में है उसमें प्रमाद न करना उचित है। रमन धनेन्द्र ने कहा कि जिसके जीवन में धर्म और शास्त्रसम्मत कर्म होते हैं वही संसार में उचित व्यवहार कर पाता है। धर्म ही जीवन में शांति, प्रेम और मर्यादा स्थापित करता है। समाज में दिखाई देने वाले अधिकांश दुख और क्लेश धर्माचरण के अभाव के कारण ही उत्पन्न होते हैं। धर्म का आश्रय लेने वाले व्यक्ति कभी सत्कर्म नहीं छोड़ते, स्वयं कष्ट सहकर भी धर्म का पालन करते हैं। धर्म पालन करने वाले में अहंकार स्वाभाविक रूप से क्षीण हो जाता है और उसके जीवन में समता का उदय होता है।उन्होंने कहा कि कर्म एक सेवा है जो धर्म से पोषित होती है। जहां सत्कर्म है, वहां समानता, संगठन, शांति और उत्सव है। जहां धर्म नहीं है, वहां असमानता और द्वंद्व बना रहता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का आचरण ऐसा होना चाहिए कि वह धर्म के अनुकूल रहे। सत्संग में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवक, ग्रामीणजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम भजन-कीर्तन और आरती के साथ संपन्न हुआ।

## शिक्षकों से कुत्तों की निगरानी कराना हास्यास्पद

हरिभूमि न्यूज : खैरागढ़

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सरकारी स्कूलों के प्राचार्य और हेड मास्टरों की ड्यूटी आवारा कुत्तों की निगरानी में लगाने को आम आदमी पार्टी ने गंभीर विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के राज मे शिक्षक बच्चों को पढ़ाना छोड़कर कुत्तों की निगरानी करेंगे। उक्त आदेश को हास्यास्पद और चिंतनीय बताते हुए जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि इससे जाहिर होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा विरोधी है और वह प्रदेश के बच्चों को अशिक्षित बनाना चाहती है। आदेश से प्राचार्य और हेड मास्टरों में नाराजगी है उनका कहना है कि पहले से ही एसआईआर में ड्यूटी लगी है, उसके अलावा अन्य काम हैं अगले माह स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा होने वाली है उसके बावजूद कुत्तों की निगरानी में ड्यूटी लगाना गलत है। जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने डीईओ लालजी द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को चेतावनी देती है कि यदि सरकार 1 सप्ताह में इस निर्णय को वापस नहीं लेती है तो हर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करेगी। इस दौरान जिला महासचिव श्याम मूर्ति नायडू, संतोष यादव, नीलेश सोनी, भुवन वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था प्रबंधक ..

उन्होंने निगरानी दल के सदस्य एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रियंका जांगड़े एवं समिति प्रबंधक आरपी सिन्हा को एस्मा के तहत कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारी–कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि धान खरीदी के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी धान खरीदी केन्द्रों में केवल साफ–सुथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों के गेट पर ही किसानों द्वारा लाए जा रहे धान की समुचित जांच के उपरांत ही धान को खरीदी केन्द्र में अनुमति देने को कहा। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरके राठिया सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

### बिक्री के लिए खरीदी केन्द्रों ...

कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक जारी किए गए टोकन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को केवल ऑनलाईन टोकन ही जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल विशेष परिस्थिति में अति वृद्ध, निरक्षर एवं किसानों के पास स्मार्ट फोन उपलब्ध नही होने पर ही आवश्यकता अनुसार उनका ऑफलाईन टोकन जारी किया जाए। कलेक्टर ने धान की गुणवत्ता बनाए रखने उसकी साफ सफाई कराने तथा गेट पर ही धान की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए।

### गोदामों में छापेमारी ...

के द्वारा ग्राम मथेना में फुटकर व्यापारी ईश्वर साहू के गोदाम से कुल 1119 बोरी में रखे गए 425.22 क्विंटल धान को मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्रवाई की गई है।

### बस-स्कार्पियो की ...

युवक रात करीब 3:30 बजे घर से निकला था। मरकाटोला घाटी उतरते वक्त सामने से आ रही कांकेर बस सीजी 19 एफ 5040 का चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उसकी गाडी से टकरा गया। पीडित ने घटना की जानकारी तुरंत अपने साथी तिलकराम साहू को फोन माध्यम से दी, जो मौके पर पहुंच गया। दोनों ने मिलकर बस चालक का नाम–पता पूछा तो उसने अपना नाम गुरदासपुर हटाला, पंजाब हाल बैलाडीला नगरपालिका कॉलोनी, जिला दंतेवाड़ा निवासी गुरुदेव सिंह पिता जोगेन्द्र सिंह 52 वर्ष बताया। वही मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस ने आवागमन बहाल किया तथा मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

### धान निकालने को लेकर ....

पकडे थे तथा मुझे तीनों मारपीट किये है। मारपीट करने से मुझे दोनों हाथ एवं पेट के नीचले हिस्सा में चोट आकर दर्द है तथा बीच बचाव करने मेरी भाभी कमलेश्वरी आयी तो उसे भी तीनो हाथ मुक्का से मारपीट किये है। जिससे कमलेश्वरी के दोनो हाथ एवं सीना में चोट आकर दर्द है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भोईनापार निवासी भोमराज साहू ने पुलिस को बताया कि 23 नवंबर को 03.30 बजे लगभग अपने खेत के धान को कटवाने अपने पत्नि भुनेश्वरी के साथ गया था मेरे खेत से लगा हुआ कीर्तन कुमार टंडन का खेत और घर लगा हुआ है। मैं धान कटने के बाद धान को निकालने के लिये भरएँ तरफ से रोड में गाडी को चढायेगें ऐसा कीर्तन को बोला तो कीर्तन मुझे भडक कर गाली देने लगा और मुझे धमकी दिया कि इधर से गाडी ले जाना है तो तू तहसीलदार के पास जा मैं इधर से गाडी नही निकालने दूंगा कहकर गाली देने लगा झगडा विवाद को सुनकर कीर्तन का भाई उमेश दौडते आया और मुझे लकडी के खूटा से मारा और मेरे मोबाईल को पत्थर से कुचल दिया जिससे मेरे मोबाईल क्षतिग्रस्त हो गया है। उत्तम कुमार, श्रवण एवं अन्य लोग भी आ गये और सभी ने मुझे हाथ मुक्का व चप्पल से मारपीट करने लगे मै उमेश के द्वारा लकडी के खूटा से मारने लगे तो मारपीट को देखकर मेरी पत्नी भुनेश्वरी साहू बीच बचाव करने आयी तो उसे भी मारपीट किये है मारपीट करने से मुझे बाये हाथ एवं दाहिने हाथ तथा सिर में चोट आकर दर्द है तथा मेरी पत्नी भुनेश्वरी की दोनो हाथ में चोट आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार से ज्यादा लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नेशनल लोक अदालत लगेगी 13 को



**बालोद।** आगामी 13 दिसंबर 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के सचिव, भारती कुलदीप के द्वारा बालोद जिले के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों की मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सचिव के द्वारा लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निराकरण हो इसके लिए कई प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सके। बैठक में बैंक अधिकारियों ने भी सभी संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## पेन्डरी में मितानिन दिवस पर हुआ सम्मान समारोह



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत पेन्डरी मे मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच जितेश्वरी ठाकुर ने गांव की सभी मितानिनों को गर्भवती महिलाओ की देखरेख, स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता साथ ही ग्रामवासियों को समय पर सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि मितानिन बहने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी है। इस अवसर पर उपस्थित गांव की सभी मितानिन एवं सुईन दाई को सरपंच, पंचगण व सभी पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा साड़ी व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान ब्लाक संकुल समन्वयक यशोदा ठाकुर, पंचायत संकुल समन्वयक कीतएँ साहू, एमटी शिवकुमारी साहू, मितानिन जितेश्वरी ठाकुर, जानकी साहू, कौशिल्या यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## ओडारसकरी सेवा सहकारी समिति में 3190 क्विंटल से अधिक धान खरीदी हुई



**अंडा।** सेवा सहकारी समिति ओडारसकरी धान खरीदी केंद्र में सुचारू रूप से धान खरीदी हो रहा है। 15 नवंबर से 25 नवंबर तक समिति में 3190.80 क्विंटल धान खरीदी हो चुका है, समिति के अध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि इस समिति में चार गांव के किसान भाई धान बेचने आते हैं, तो सभी किसान भाईयों के लिए कैमरा,पानी और छाया की पर्याप्त व्यवस्था है, और सभी किसान भाईयों को कहा कि किसान अपना धान को अच्छे से सुखाकर लाये ताकि समिति से धान वापस न हो, किसान रामलाल ठाकुर पिलालाल निर्मलकार उमेश धनकर गिरधर ढाल सिंग, भगेश्वर, सुकवारों बाई, नारद निषाद, भागी राम, संतोष कुमार, राधा देवी, गोपाल चक्रधारी, कमलेश चक्रधारी सहित समिति के कर्मचारी व अन्य किसानों ने धान बचने आये थे।

## हस्त काष्ठ कला पर हुई कार्यशाला विद्यार्थियों ने सीखे कौशल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देते हुए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में हस्त काष्ठ कला की कार्यशाला आयोजित की गई। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका एनुका शार्वा की पहल पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विलुप्त हो रही पारंपरिक काष्ठकला को पुनर्जीवित करना तथा विद्यार्थियों में कौशल विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला के मार्गदर्शक दीपक तारम द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को काष्ठकला से संबंधित विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई। उन्होंने नक्काशी, वर्णलेखन, नेम प्लेट निर्माण, चौखट–दरवाजा तैयार करना सहित कई कलात्मक विधाओं का प्रदर्शन किया। भविष्य में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय निःशुल्क कौशल कार्यशाला आयोजित करने की घोषणा भी की गई, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी रचनात्मक क्षमता को और अधिक निखार सकें।

विद्यालय के प्राचार्य एल. के. ठाकुर ने विद्यार्थियों को इस पारंपरिक कला को सीखने और आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। वरिष्ठ व्याख्याता आर. एस. देशमुख ने कला आधारित शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में डॉ. आर. साहू ने प्रशिक्षक दीपक तारम द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनकी कृतियाँ राजभवन तक प्रदर्शित की जा चुकी हैं तथा अधिकारियों द्वारा भी उनके कार्य को प्रोत्साहन मिला है। व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं हमारी पारंपरिक कला एवं विरासत को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

दीपक तारम ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वे एम.कॉम एवं आईटीआई की शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद स्वस्फूर्त रूप से काष्ठकला को जीवित रखने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न औजारों और लकड़ी के प्रकारों की विस्तृत जानकारी भी बच्चों को प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता लवण साहू, हेमंत साहू, हेमपुष्पा नायक, कपिल पटेल, निधि और ईश्वरी सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यशाला विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कौशल और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

> ■ नई शिक्षा नीति के तहत पारंपरिक काष्ठकला को पुनर्जीवित करने विद्यालय का अनूठा प्रयास

## खबर संक्षेप

### लाखों का गांजा समेत आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी अवैध रूप से करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टांगरपाडा तोरा बरगढ़ ओडिशा निवासी शखील बाग नामक युवक ट्राली बैग में गांजा रखकर उसे बेचने के लिए दल्ली राजहरा जाने वाली ट्रेन में रिसामा रेल्वे स्टेशन से उतरकर अण्डा गांव आने की तैयारी में था। पुलिस टीम यात्री प्रतक्षालय रेलवे स्टेशन चौक रिसामा पहुंची और आरोपी के कब्जे से ट्राली बैग के भीतर से गांजा और मोबाईल, नगदी रकम जब्त किया। आरोपी के पास से दो पालिथन में भरे हरे कच्चे दानेदार गांजा 9 किलो 668 ग्राम बरामद किया। जिसकी कीमत 5 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय दुर्ग में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी भानू प्रताप साव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### रंजिश के चलते गाली गलौज मारपीट

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत आपसी रंजिश के चलते दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 14 ब्लाक डी वार्ड 23 घासीदास नगर जामुल निवासी लेखराम पासवान श्रमिक के रूप में काम करता है। 23 नवम्बर को साहू किराना स्टोर के पास घासीदास नगर जामुल में अपने दोस्त सोहेब के साथ आनलाइन रकम ट्रासफर करा रहा था। तभी चन्द्र दीप , राजू खंजर , आयुष , मोनू पहुंचे आयुष के साथ हुए रंजिश के चलते गाली गलौज करना शुरु कर दिया। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर चन्द्र दीप ने बाईक की चैन , राजू खंजर लोहे का पाईप , आयुष बेस बल्ला और मोनू ने जमकर मारपीट किया।

### अनाचार का आरोपी हुआ था फरार, तीन पुलिस कर्मी लाइन अटैच

**भिलाई।** तांत्रिक बनकर अनाचार करने वाला आरोपी के थाने से फरार होने के मामले में एसएसपी विजय अग्रवाल ने तीन पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। आरोपी पुलिस थाने से 21 नवंबर ले फरार हो गया था। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी हेमंत अग्रवाल को जामुल पुलिस ने भिलाई तीन थाने लाकर रखा था। लेकिन न तो यहां के स्टाफ को इसकी जानकारी दी गई। रोजनामचा में भी इसके बारे में कुछ भी दर्ज नहीं कराई गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस कर्मियों ने उसे थाने के बाहर ही बैठा दिया था। तभी जामुल पुलिस का आरोपी हेमंत को मौका मिलते ही फरार हो गया। प्राथमिक जांच में तैनात पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने तीनों पुलिस कर्मियों में काम में लापरवाही बरतने पर जामुल थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिनेश कुमार, आरक्षक रत्नेश कुमार शुक्ला, आरक्षक चेतराम गुरुंग को लाइन अटैच किया गया है। बताया गया है कि तांत्रिक हेमंत अग्रवाल को पकड़ने के लिए पुलिस ने दो दिनों तक बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और रायपुर तक रतजगा करती रही। मुश्किल से पुलिस के हाथ लगा था। लेकिन पुलिस कर्मियों की लापरवाही के कारण थाने से आरोपी फरार हो गया।

आयोजन : 8 से 11 दिसंबर तक, शहर में पहली बार होंगे नि:शुल्क संस्कार

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ तैयारी की शुरुआत, बांटी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला गायत्री परिवार के द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित 108 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ की वृहद स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। जिसके तहत विभिन्न सदस्यो को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें मंच संचालन प्रभारी कमल नारायण साव, आरपी यादव, केशर देवांगन, वीरेंद्र, मिलन सिंह एवं साथी व डौण्डी से नंद किशोर पिस्दा एवं साथी, गुण्डरदेही से विमल साहू, गुरूर से दिलीप निर्मलकर को सौपा गया हैं। केंद्रीय स्टोर प्रभारी के लिए मानसिंह, हुकुमचंद, युगल किशोर, जीवन लाल, डोडी लोहारा से प्रेम सिंह कोलियरी, डौडी से पीएल सोनवानी, गुण्डरदेही से लाल चन्द, गुरूर से प्रेम साहू को जिम्मेदारी सौपी गई है।

■ सहयोग की जनता से अपील, कार्यो की जिम्मेदारी अलग-अलग बाटीं गई





चरण पादुका विभाग के लिए बालोद से संतराम, डौडी लोहारा से श्याम कुमार, डौडी से मन्नू लाल, गुरूर से छन्नू लाल को जिम्मेदारी सौपी गई है। वाहन पार्किंगके लिए संतराम साहू, प्रभारी गंगाराम एवं साथी, डौडी लोहारा से रवि कैमरे, गुरुर्स बोधन एवं साथी को सौपा गया है। कलश यात्र के लिए प्रभारी कांति कमल साव, आरपी यादव, बीएस नायडू, राजेंद्र सिन्हा, कमल नारायण साव, हेमवती सिहरे, वृंदा साहू, लताबाई और साथी, डौण्डी से रेणुका गंजीर, अनसुईया, सुलेखा साहू को जिम्मेदारी सौपी गई है। मंचीय स्वागत के लिए ओमप्रकाश गजेन्द्र, लोचन साहू, कांति कमल, शांति साहू, डौंडीलोहारा सेभोला राम और साथी, डौण्डी से नंद किशोर एवं साथी, गुण्डरदेही से हरिशेव मेश्राम, गुरूर केजू राम साहू को जिम्मेदारी सौपी गई है। मीडिया प्रभारी के लिए आरपी यादव,





राजेंद्र सिन्हा, मुकेश साहू, कमल टुवानी, पिलूराम साहू, किशन साहू को जिम्मेदारी सौपी गई है। स्वास्थ्य विभाग के लिए डॉ प्रदीप जैन प्रभारी, शशि कांत, डॉ शिखर गुप्ता, सत्यभामा गागऍ, जमुना, गजाधर चक्रधारी, ठाकुर व इसी प्रकार अन्नपूर्णा भोजनालय प्रभारी शिव कलिहारी, जल और शौचालय प्रभारी बीएस नायडू, प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र वितरण प्रभारी कमल साव, यज्ञ स्थल निर्माण प्रभारी मोहन साहू व सभी गायत्री परिवार आवश्यकतानुसार कार्यों में योगदान देगे।

जिसके तहत कलश यात्र के लिए आस पास गांव के महिला परिजन सहयोग करेंगे। समीक्षा प्रभारी भोलेश्वर सिन्हा प्रतिदिन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते है और आवश्यक मार्गदर्शन कर रहे है। यज्ञ कुंड का निर्माण दंतेवाड़ा से आए समय दानी द्वारा बनाया जा रहा है। टीएस साहू, लोचन साहू, जिला उपसमंवयक दशरथ कलीहारी सभी कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे। 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ दिनांक 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक होने जा रहा है बालोद शहर में पहली बार होने के कारण धन और कार्यकर्ता की ज्यादा आवश्यकता पड़ रही है। पुंसवन संस्कार दीक्षा संस्कार और विवाह संस्कार शांतिकुंज के प्रशिक्षित आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्र से किया जाएगा, सभी संस्कार निःशुल्क किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति गायत्री शक्तिपीठ से संपर्क कर सकते है।

उल्लेखनीय है शिव पोहा मिल प्रांगण जो वेलजी भाई का है जिसमें 24 और 51 कुंडी यज्ञ के बाद 108 कुंडी गायत्री होने जा रहा है। मिडिया प्रभारी दशरथ कलिहारी ने लोगो से तन मन और धन और खाद्य सामग्री से ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने की अपील किया है।

# जिले में एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए 4 महिला बीएलओ सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में एसआईआर के कार्य में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए लगातार दूसरे दिन चार बीएलओ को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। पहले दिन चार बीएलओ को सम्मानित किया गया था, इस प्रकार कुल आठ बीएलओ को उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिले में शत प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ जिन्हे कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया है सभी महिलाएं है। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में आज विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाताओं को गणना पत्र प्रदान करने एवं गणना प्रपत्रें को डिजिटाईज करने में उत—ष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 04 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।

■ मतदाता सूची पुनरीक्षण में शानदार प्रदर्शन, चार महिला बीएलओ को प्रशस्ति पत्र

उल्लेखनीय है कि जिले के संजारी बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण कर घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर बीएलओ एप में आनलाइन किया जा रहा है। उक्त कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा अंतर्गत ग्राम आलीवारा की बूथ लेवल अधिकारी सुशीला ठाकुर, ग्राम खेरथा की बीएलओ लता पाण्डेय एवं ग्राम आतरगांव की बीएलओ सरस्वती देवांगन तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के ग्राम धनगांव की बीएलओ सुंदरिया देशमुख ने बालोद जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत 100 प्रतिशत फार्म डिजिटाइजेशन पूर्ण किया है।

भव्य कलश यात्रा एवं रैली रहेगा विशेष आकर्षण

# दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार जयंती समारोह का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा संगठन एवं दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की जयंती समारोह का आयोजन कल विश्राम गृह प्रतिमा स्थल, गुण्डरदेही में किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक योगेश्वर कुमार देशमुख ने बताया कि विगत कई वर्षों से गुण्डरदेही में दाऊजी की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इसे भव्य रूप दिया जा रहा है। इसके तहत दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई भिलाई के द्वारा बाइक और कार रैली आयोजित की जाएगी, जो दुर्ग स्थित जनपद पंचायत में दाऊ ढालसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वहां से गुण्डरदेही के कार्यक्रम स्थल तक जाएगी। गुण्डरदेही विश्राम स्थल से भव्य कलश यात्रा और रैली निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्ग से होकर वापस कार्यक्रम स्थल पर समापन करेगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राउत नाचा और झांकी होगा। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम संपन्न होगा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं सांसद दुर्ग लोकसभा, उपस्थित रहेंगे। अन्य अतिथिों में योगेश्वर देशमुख, युवा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज, ललित चंद्राकर, विधायक दुर्ग ग्रामीण, कुंवर सिंह निषाद, विधायक गुण्डरदेही, योगेंद्र बेलचंदन, अध्यक्ष केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज, मोरध्वज चंद्राकर, महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज, तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, दिनेश चंद्राकर, अध्यक्ष छ.कू.क्ष. समाज, यशवंत दिल्लीवार, सलाहकार केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज, केशव बंटी हरमुख, उपाध्यक्ष केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज, ललित देशमुख, महामंत्री केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज, दिलीप देशमुख, कोषाध्यक्ष केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज तथा चेमन देशमुख, अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद शामिल होंगे। इस आयोजन के माध्यम से दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की याद में युवाओं और समाज के लोगों को जोड़ा जाएगा और सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक विरासत का संदेश भी लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

# नशा मुक्त समाज की थीम पर सात दिवसीय शिविर की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा





शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम खुरसुनी में किया गया।

शिविर का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, समाज में जागरूकता फैलाना तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने में युवा सबसे बड़ी शक्ति हैं, और उनके प्रयास से ही गांव-समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने ग्राम खुरसुनी में रैली, नशा उन्मूलन जागरूकता, स्वच्छता अभियान, तथा घर-घर संपर्क कार्यक्रम संचालित किए। आने वाले दिनों में स्वास्थ्य जांच शिविर, व्यक्तित्व विकास सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुति, खेलकूद, पौधारोपण तथा सामाजिक विषयों पर विभिन्न कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी। ग्राम पंचायत खुरसुनी के सरपंच योगेश्वर साहू ने बताया कि सात दिवसीय शिविर युवा शक्ति को समाज सेवा के वास्तविक अनुभवों से जोड़ने का माध्यम है। साथ ही, नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह शिविर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# बिगनर कोर्स में नियम-प्रतिज्ञा और स्काऊट गाइड सिद्धांतों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के दिशा-निर्देशन में तथा राज्य सचिव जीतेन्द्र साहू, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त मधुलिका तिवारी, जिला सहायक आयुक्त मोहनी यादव एवं जिला सचिव केएल. गजेन्द्र के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय रोवर-रेंजर बिगनर कोर्स का सफल आयोजन किया गया। इस बिगनर शिविर में कुल 132 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिसमें 68 रोवर एवं 64 रेंजर सम्मिलित रहे। शिविर का संचालन शिविर संचालक चंद्रशेखर दिल्लीवार द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आधारभूत जानकारी, नियम-प्रतिज्ञा तथा स्काउट-गाइड आंदोलन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सह-संचालक के रूप में नेम सिंह साहू, सेवा राम प्रेमन, मकसूदन यादव, प्रेमलता चंद्राकर, मधुमाला कौशल, योगिता राजपूत, लिली पुष्पा एक्का एवं मिलन सिंह सिन्हा, मनीराम साहू, लुकेश्वर गंजीर ने प्रशिक्षण सत्रें का सफल संचालन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि राजा दीवान ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

■ 132 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग





शिविर में 110 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं 10 महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बिगनर कोर्स प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### फोम के प्लांट में लगी आग

**भिलाई।** फोम के फ्लांट में रविवार देर रात अचानक आग लगने की घटना से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पुलिस और दमकल की टीम पहुंची थी। तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक कुम्हारी स्थित रविवार की रात फोम मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में भीषण आग लग गई। घटना ग्राम मुरमुंदा क्षेत्र की है। यहां फोम मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है भीषण आग लगने से आग की लपेटों ने आसपास के लोगों को परेशान कर दिया था। प्लांट के भीतर सामान धूं-धूं कर जलने लगा। लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जैन श्री संघ की कृतज्ञता और पुनः आगमन की कामना

# आत्मा की निर्मलता ही धर्म की पहली सीढ़ी: संत वैराग्य मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आत्मा का गुण निर्मलता है, क्रोध मान, माया, मोह आदि हमारे अवगुण हैं। इन्हें दूर किए बिना न तो हम सुखी बन सकते हैं और न ही आत्मा के मूल स्वभाव को प्राप्त कर सकते हैं। हमें अपने अवगुण खराब लगे तब ही उन्हें दूर किया जा सकता है किन्तु हमें अपने अवगुण दिखाई ही नहीं पड़ते।

उक्ताशय के विचार संत वैराग्य मुनि ने अपने बालोद प्रवास के अंतिम दिन के व्याख्यान में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि धर्म करने के लिए आत्मा का निर्मल होना जरूरी है। आत्मा का मूल गुण क्षमा, करुण, प्रेम और सरलता है। जिसे धर्म समझ मे आ जाये उसे सब पॉजिटिव दिखाई देता है। उसे अन्य के



दोष कम दिखाई देते हैं। अपनी प्रतिकूलता को वह कर्मो का योग मानता है। प्रत्येक जीव के प्रति करुणा का भाव रखें। क्रोध आये तो इसे अपने मन का विकार मानकर कोई एक प्रिय वस्तु का त्याग करें। इसी तरह मन के अन्य विकारों को दूर करने का प्रयास करें। धीरे धीरे मन सरल और निर्मल बन जायेगा। यही धर्म आराधना की पहली सीढ़ी है। आज बालोद से जाने से पूर्व संत द्वय ने सभी श्रावकों से मिच्छामि दुक्कडम किया।

इस अवसर पर जैन श्री संघ की ओर से डॉक्टर प्रदीप जैन ने संत द्वय से अविनय असातना के लिए क्षमा याचना की। उन्होंने कहा कि ऐसे संत जिन्होंने 171 दिन उपवास रखकर विज्ञान को भी अचंभित कर दिया एवं ऐसे बाल मुनि जिन्हें छोटी उम्र में कठिन भाषा मे लिखे आगम कंठस्थ है का सानिध्य मिला तथा प्रेरणा दायक प्रवचन का लाभ संघ को मिला इसके लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। हम आपके पुनः पुनः बालोद प्रवास की याचना करते हैं।

